हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–134 : जौनपुर, गुरुवार 14 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा सरकार सभी वर्गों के तृप्ति करण के आधार पर योजनाएं क्रियान्वित करती है –प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गंगा नगर कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला बैठक संपन्न हुई बैठक में तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पारित आर्थिक एवं राजनैतिक प्रस्ताव पढ़कर सुनाए गए पदाधिकारियों ने ध्वनिमत से प्रस्तावों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में कहा मोदी सरकार पूर्व की कांग्रेस सरकार की भांति तुष्टीकरण के आधार पर योजनाएं नहीं लागू करती है बल्कि सभी वर्गों का तृप्तिकरण हो इस आधार पर योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। मुख्य अतिथि ने बताया 200 करोड़ करोना वैक्सीन लगाकर केंद्र की भाजपा सरकार ने करोना को बहुत हद तक काबू करने का काम किया है आत्मनिर्भर भारत के नारे को साकार करते हुए चीन से आयात में भारी कटौती हुई है जिस कारण भारत का निर्माण सेक्टर मजबूत होने के साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान मात्र एक देश के नागरिकों को निकालने के लिए दोनों देशों ने युद्ध विराम किया वह एकमात्र देश भारत है यह आज के मोदी के भारत की बढ़ती हुई ताकत का उदाहरण है। आगामी कार्य योजनाओं के बारे में बताते हुए जिला प्रभारी ने कहा पार्टी के पन्ना प्रमुख व्यवस्था का पुनर्निर्माण किया जाएगा प्रत्येक बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाना मास के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बूथ पर ही उपस्थित रहकर सुना जाएगा बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा करना प्रकाश पाल ने बताया मोदी/20 के तहत प्रबुद्ध वर्ग




के दो सम्मेलन आयोजित होने हैं आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त आजादी के अमृत महोत्सव के संपन्न होने पर हर घर तिरंगा अभियान के रूप में संपन्न कराना। उक्त कार्यक्रमों में पदाधिकारी पूरी लगन से कार्यक्रमों को संपन्न कराएं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने कहा सभी पदाधिकारी जिले के किसी भी कार्यक्रम में प्रवास के समय उस बूथ के लाभार्थियों से आवश्यक रूप से संपर्क अवश्य करें। बैठक का संयोजन एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह चौहान संदीप सिंह एसपी मौर्य प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह श्रवण कनौजिया विनोद राठौर जिला महामंत्री अनुराग मिश्र इंजीनियर ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री बागीश सिंह अजय शुक्ला नीतू चंद्रा जय देवी राजपूत संदीप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्र विशुन दयाल शुक्ला आजाद भदोरिया पूजा मिश्र संतोष अस्थाना सुभाष पांडे असद हुसैन नंदलाल शास्त्री सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी मौजूद रहे।

## तिलकधारी सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के मारकण्डेय सिंह सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : तिलकधारी सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज के मारकण्डेय सिंह सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर पाने वाले 50 छात्र–छात्राओं एवं मानविकी वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान पाने वाले निशांत यादव को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने टॉपर छात्रों से कहा कि जो सफलता मिली है इसे अंतिम सफलता मानकर न बैठे। लक्ष्य निर्धारण कर सही दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का नंबर कमा आया है वे निराश न हो। ऐसे कई उदाहरण है जो थर्ड डिवीजन में पास हो कर भी आईएएस बने हैं। सभी छात्राओं से कहा कि खुद को अनुशासित बनाएं और जीवन में आने वाली प्रत्येक चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य की तरफ निरंतर आगे बढ़ते रहें। जिलाधिकारी ने सबसे कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम जी के जीवन के बारे में अवश्य पढ़ें उससे आपको अधिक प्रेरणा मिलेगी। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, रमेश सिंह, राजीव सिंह, कपिल देव सिंह, अमर सिंह, रविंद्र सिंह, अमरीश राय एवं कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## थाना मछलीशहर पुलिस ने तमंचा सटाकर पैसा व मोबाइल छीनने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक, उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा हमराही कर्मचारीगण के साथ थाना क्षेत्र मछलीशहर आनापुर बार्डर बहदग्राम छाछों में दिनांक 28.06.2022 की रात्रि करीब 09 बजे तमन्चा सटाकर पैसा छिन लेने की घटना तथा दिनांक 13.07.2022 को सीएचसी मछलीशहर के सामने से गालीगलौज, जानमाल देते हुए तमन्चा सटाकर पैसा छिनने की घटना करने वाले तीन अभियुक्तगण की गिरफ्तारी दिनांक 13.07.2022 की शाम को पुराना अस्पताल मछलीशहर के पास से की गयी, अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमन्चा मय कारतूस 315 बोर, एक चोरी की मो0सा0 पैशन प्रो तथा लूटी गयी धनराशि 3640 रू0 बरामद की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण को रिमाण्ड हेतु मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– 1. विशाल सेठ पुत्र सुनील कुमार सेठ निवासी मुरादगंज थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर। 2. सूर्यदेव सरोज पुत्र दीपक कुमार सरोज निवासी रारी खुर्द थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3. रवि यादव पुत्र राजेश यादव निवासी पालपुर थाना



लाइनबाजार जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.एक पैशन प्रो मो0सा0 रजि0 नं0 UP70BP 5082 2.एक तमन्चा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर ( अभि0 विशाल सेठ के कब्जे से) 3.लूटी गयी धनराशि में से बची धनराशि रू0 3640 रू0 उक्त बरामद धनराशि से 2000रू0 दिनांक 28.06.2022 की घटना से सम्बन्धित तथा 1640 रु0 दिनांक 13.07.2022 से सम्बन्धित है। सम्बन्धित अपराध– 1. मु0अ0सं0 162/22 धारा 394, 411 IPC थाना म0शहर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 174/22 धारा 392, 411, 504, 506 IPC थाना म0शहर जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 175/22 धारा 411, 420, 465 IPC थाना म0शहर जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 176/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना म0शहर जौनपुर । ( अभि0 विकास यादव ) गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री देवानन्द रजक, प्र0नि0 मछलीशहर जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह, थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 3.कां0 अंशुमान यादव, कां0 गोविन्द खरवार, कां0 अखिलेश कुमार गौड़, थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर।

## सेवा समरसता वैचारिक सामंजस्य के पुरोधा थे रज्जू भैया : प्रो. निर्मला एस.मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि रज्जू भैया एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उनका चिंतन हमेशा समाज के हित के लिए होता था। रज्जू भैया इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष रहे। रज्जू भैया की भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभा अभूतपूर्व थी, जिसके कारण देश के कई प्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने उन्हें अपने साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया, किंतु सामाजिक जीवन में रुचि होने के कारण रज्जू भैया ने सामाजिक कार्यों को चुना। कालांतर में रज्जू भैया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक भी हुए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला मौर्य रज्जू भैया के प्रतिमा पर माल्यार्पण



किया। इस अवसर विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. देवराज सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डिकर, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. राम नारायण, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ गिरिधर मिश्रा, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. पुनीत कुमार धवन, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. आशीष वर्मा , डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. दीपक मौर्य, शशिकांत, सौरभ व अन्य शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में भदोही जिले के एसपी डॉ अनिल कुमार से हुई मुलाकात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष श्री घनश्याम पाठक जी के नेतृत्व में आज 14 जुलाई 2022 को भदोही जिले के एसपी डॉ अनिल कुमार से एक मुलाकात की गई। प्रदेश अध्यक्ष श्री पाठक ने एसपी के समक्ष गोपीगंज थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज कर गलत तरीके से राजकुमार तिवारी व ज्ञान तिवारी को जेल भेजे जाने का मुद्दा उठाया । जिस पर एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीपीसी के पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि निर्दोष लोग जेल गए होंगे तो उन्हें अवश्य न्याय मिलेगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी । एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भारती को जांच का जिम्मा भी सौंप दिया । एसपी से मिलने वालों में पीपीसी भदोही के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा , जिला संरक्षक सुरेश कुमार मिश्रा , जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा , सुशील पांडेय , राजन पांडेय , चंद्र बालक



राय , विष्णु दुबे , रामकुमार वर्मा , शीतल श्रीवास्तव , विकास मिश्रा , सरताज खान , संजय केसरी , राजेश तिवारी , अनिल तिवारी , राज कुमार सरोज , शैलेश उर्फ गुड्डू , मोहम्मद शाहिद , पुनीत शर्मा , नितेश श्रीवास्तव , दीपक श्रीवास्तव , भरत वर्मा , राहुल तिवारी , सनी कुमार गुप्ता, राधे कृष्ण तिवारी उर्फ पिंटू , रविंद्र पांडेय , सुशील पाल सहित तमाम पत्रकार उपस्थित थे।

## स्थानान्तरण नहीं रूके तो बड़े आन्दोलन की होगी घोषणा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज स्वास्थ्य महानिदेशालय पर प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी परिषद के आह्वान पर सुबह से ही एकत्र होने लगे, हजारों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने महानिदेशालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए अनियमित स्थानान्तरण निरस्त करने की मॉग की। धरने की अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रावत ने की। परिषद के समर्थन में कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी0पी0 मिश्रा ने भी धरने को सम्बोधित किया और कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी शासन की स्थानान्तरण नीति का पालन नही कर रहे, बल्कि मनमानी तरीके से मान्यता प्राप्त संघों के अध्यक्षध्मंत्री, दाम्पत्य नीति, दिव्यांग, दिव्यांग आश्रित 2 वर्ष से कम अवधि में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मियों का भी स्थानान्तरण कर दिया गया है, जबकि स्थानान्तरण नीति में इनको स्थानान्तरण से मुक्त रखने के निर्देश है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के महासचिव शशि मिश्र ने कहा कि नीति के अनुसार समूह ग के कर्मियों का केवल पटल/परिवर्तन किया जाना था, लगभग सभी जनपदों में 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों का पटल/परिवर्तन कर दिया गया। परन्तु उन्हीं कर्मचारियों का बाद में स्वास्थ्य महानिदेशालय से अन्य जनपद स्थानान्तरण कर दिया गया। स्थानान्तरण में अनेक पदाधिकारी, दिव्यांग, दिव्यांग आश्रित, दाम्पत्यय नीति, गंभीर रूप से बीमार, 02 वर्ष से कम समय में सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मियों को भी नहीं छोड़ा गया, जबकि स्थानान्तरण नीति में इन्हें मुक्त रखे जाने के निर्देश है। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि अनियमित स्थानान्तरण की साक्ष्यों सहित जानकारी उपलब्ध कराने के बावजूद महानिदेशालय द्वारा त्रुटिपूर्ण स्थानान्तरण निरस्त करने में हीलाहवाली की जा रही है साथ ही जनपदों के अधिकारियों को स्थानान्तरित कार्मियों को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश जारी किए जा रहे है। जिससे स्थिति विपरीत हो रही है।प्रदेश के कर्मचारी शासन की




कर्मचारी विरोधी नीति से अत्यन्त व्याथित है, परिणामस्वरूप आज कर्मचारियों का सैलाब लखनऊ आकर अगले आन्दोलन की रूपरेखा का प्रस्ताव पारित कर दिया हैं। धरने को मुख्य रूप से संगठन प्रमुख के0के0 सचान, परिषद वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश मिश्रा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो0 के अध्यक्ष एव चेयरमैन संघर्ष समिति संदीप बडोला व प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव, DPA महामंत्री उमेश मिश्रा डा0 पी0के0 सिंह सचिव, श्री राम मनोहर कुशवाहा अध्यक्ष, प्रदीप कुमार महामंत्री, यू0पी0 एक्स–रे टेक्नी0 एसो0, राजीव तिवारी महामंत्री, डी0डी0 त्रिपाठी अध्यक्ष, डेन्टल हाइजिनिस्ट एसो0, उ0प्र0, जी0एम0 सिंह अध्यक्ष, अनुराग मिश्रा महामंत्री, राजकीय आप्टोमैट्रिष्ट, विपिन त्यागी अध्यक्ष, राजकीय मेडिकल कालेज कर्मचारी महासंघ, बीना त्रिपाठी अध्यक्ष राजकीय नर्सेज संघ चिकित्सा शिक्षा उ0प्र0, अनिल कुमार महामंत्री प्रोवेन्सियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो0 उ0प्र0, आशीष पाण्डे महामंत्री फारेस्ट मिनिस्टिरियल एसो0,भानू राय अध्यक्ष, डार्क रूम सहायक संघ, धनन्जय तिवारी अध्यक्ष बेसिक हेल्थ वर्कर एसो0 उ0प्र0, वाराणसी के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, आनन्द मिश्रा उपमहामंत्री पूर्वी परिषद, सुभाष श्रीवास्तव अध्यक्ष, संजय पाण्डे मंत्री लखनऊ जनपद, सुनील यादव मीडिया प्रभारी, अजय पाण्डे, कमल श्रीवास्तव, राजेश चौधरी मण्डलीय मंत्री, डी0के0 सिंह गोरखपुर मंत्री, एस0एन0 शुक्ला बस्ती, अनिल निरन्जन झांसी आदि पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मानसरोवर मंदिर रामलीला मैदान का सीएम योगी आदित्यनाथ नें किया लोकार्पण

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में मानसरोवर मंदिर और रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के शुभ कर कमलो आज प्रातः संपन्न हुआ। इस अवसर पर मानसरोवर मंदिर में शिव भगवान की पूजा अर्चना विधि विधान के द्वारा योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया इस अवसर भक्तगण साधु संत तथा क्षेत्र की जनता उपस्थित रही शासन के द्वारा सख्त सुरक्षा व्यवस्था किया गया था।

## कांवड़ियों का आगमन हुआ प्रारंभ : प्रशासन ने की तैयारियां तेज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव मंदिरों की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग पर शिवभक्तों का आवागमन प्रारंभ हो गया है। प्रशासन ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। बुधवार को पुलिस ने कांवड़



मार्ग पर पड़ने वाली अंडा और मीट की सभी दुकानें बंद कराई गई हैं। शाहजहांपुर रोड , लखनऊ रोड ,सीतापुर रोड,कानपुर रोड की दोनो तरफ की दुकान बंद हो गई हैं। अन्य व्यवस्थाएं भी तेजी के साथ पूरी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सभी अंडा और मीट की दुकानों को बंद करा दिया गया है।सावन में कांवड़ यात्रा के दौरान ये दुकानें पूरी तरह बंद रहेगी। कोई इसके बाद भी दुकान खोलता है तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी।गुरुवार को सुबह से ही मीट की समस्त दुकानें बंद रही।पुलिस उपाधीक्षक हेमंत उपाध्याय ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर प्रशासन ने चेकिंग अभियान चलाया और सभी मीट की दुकानों को बंद करा दिया गया। बताया कि जिला कांवड़ मार्ग पर सफाई, विद्युत व्यवस्था का काम तेजी के साथ चल रहा है।

## जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी न्यायालयों का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा चकबन्दी न्यायालयों का का औचक निरीक्षण किया गया। न्यायालय उप संचालक चकबंदी अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पाया कि काफी मुकदमें 20 साल से लम्बित है, डीडीसी न्यायालय में निगरानी मामलों में कुल 202 मामले एवं चकबंदी विभाग में कुल 777 मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर 20 साल से पुराने मामलों का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा अधिवक्तागण कार्य से विरत रहते हैं तो उस दौरान भी 20 साल से ऊपर के मामले त्वरित गति से निस्तारित किए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 20 साल से पूर्व की फाइलों में 03 दिन से ज्यादा की डेट न दी जाए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का उददेश्य है कि न्यायालय का कार्य सुचारू रूप से चलें और कही पर समस्या आ रही है तो उसे दूर कराते हुए वादकारियों को न्याय दिलाया जाये। इस दौरान डीडीसी न्यायालय के सामने पानी जमा हुआ देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नाजिर कलेक्ट्रेट को तुरन्त साफ–सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, डीडीसी शोभनाथ मिश्र, एसओसी शीतलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
विश्वास वह पंक्षी है जो प्रभात के पहले ही प्रकाश देखना शुरु कर देता है।.
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था : क्यों गिरता जा रहा है रुपया

अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष–2023 के लिए चालू खाता घाटा भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 फीसदी से तीन फीसदी तक बढ़ सकता है, जो रुपये पर और दबाव डालेगा। मुख्य बातें और भावनाएं उभरते बाजार की मुद्राओं के खिलाफ हैं।

अन्य मुद्राओं के साथ भारतीय रुपया भी लगातार गिर रहा है, क्योंकि इस वर्ष अमेरिकी डॉलर में जोरदार तेजी आई है। प्रति डॉलर के मुकाबले 79 रुपये के स्तर तक गिरने के कारण वर्ष 2022 की पहली छमाही में रुपये में छह प्रतिशत की गिरावट चिंताजनक है। गिरता रुपया मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को और कठिन बना देता है, क्योंकि रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए दरों को और बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिसके चलते आर्थिक विकास कम होगा।

चूंकि भारत अपनी जरूरतों का 85 फीसदी से अधिक कच्चे तेल का आयात करता है, ऐसे में गिरता हुआ रुपया आयात बिल बढ़ाता है और उच्च मुद्रास्फीति से पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इस वर्ष, मुख्य रूप से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों या एफपीआई द्वारा नियमित रूप से इक्विटी बाजार से धन निकालने, कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के साथ आयात बिल बढ़ने के कारण भारत का व्यापार संतुलन बिगड़ने और दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर में 20 फीसदी से अधिक की मजबूती के कारण रुपये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

एफपीआई ने इस वर्ष जनवरी से जून के अंत तक भारतीय शेयर बाजार से 28 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। ब्राजील जैसे कमोडिटी चालित बाजारों को छोड़कर उन्होंने ज्यादातर उभरते बाजारों से धन निकाला है। एफपीआई ने इस साल 2.3 अरब डॉलर के भारतीय बॉन्ड भी बेचे हैं। जाहिर है, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा इत बड़े पैमाने पर बिकवाली रुपये को और कमजोर करती है। इसके बावजूद मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण रुपये की स्थिति अन्य एशियाई मुद्राओं की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रही है।

हालांकि, व्यापक व्यापार और चालू खाता घाटा (सीएडी) और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो बहिर्वाह के साथ, नीचे की ओर दबाव बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ने आधिकारिक तौर पर रुपये के लिए कोई स्तर निर्धारित नहीं किया है। लेकिन उसने रुपये की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया है। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भले ही रुपये का स्तर बाजार द्वारा निर्धारित होता है, लेकिन रिजर्व बैंक मुद्रा में श्मूल्यह्रासश की अनुमति नहीं देगा।

इसी तरह 24 जून को, डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने एक उद्योग सम्मेलन में भारतीय रुपये के स्तर पर रिजर्व बैंक की नीति के बारे में कहा, श्हम इसकी स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे, और हम यह काम निरंतर कर रहे हैं।श रिजर्व बैंक में मौद्रिक नीति विभाग की देखभाल करने वाले पात्रा ने जोर देकर कहा कि हाल के दिनों में भारतीय मुद्रा में सबसे कम मूल्यह्रास देखा गया है। उन्होंने कहा कि श्हमें नहीं पता कि रुपया कहां तक गिरेगा।

यहां तक कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को भी नहीं पता कि डॉलर कहां जाएगा? लेकिन एक बात ध्यान रखिए कि हम रुपये की स्थिरता के लिए खड़े रहेंगे और ऐसा हम निरंतर कर रहे हैं, यहां तक कि इस समय भी, जब मैं बोल रहा हूं। हम बाजार में हैं। हम रुपये में अव्यवस्थित उतार–चढ़ाव की अनुमति नहीं देंगे। हमारे मन में कोई स्तर नहीं है, लेकिन हम झटकेदार हरकतों की अनुमति नहीं देंगे। ...यह व्यापक रूप से ज्ञात हो कि हम बाजार में रुपये की अस्थिरता के खिलाफ बचाव कर रहे हैं।

श्कुल मिलाकर, अगले कुछ महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के धीरे–धीरे गिरकर लगभग 81 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक रुपये के प्रति धारणा को मजबूत करने और स्थिर रुपये को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों के माध्यम से हाजिर (स्पॉट) एवं वायदा बाजार (फॉरवर्ड मार्केट) में हस्तक्षेप करने के लिए 590 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग कर रहा है।

मजबूत अमेरिकी डॉलर के वैश्विक रुझान, अमेरिकी फेड की बढ़ती दरें, भारतीय स्टॉक और ऋण बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा धन निकासी के साथ–साथ कमोडिटी, खासकर कच्चे तेल की बढ़ती कीमत, जिसका भारत सबसे बड़ा आयातक है, ये सभी रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि यह देखने लायक है कि रुपये ने अधिकांश अन्य उभरते बाजार की मुद्राओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और जापानी येन के मुकाबले भी उसका प्रदर्शन अच्छा है, जो हाल ही में 25 साल के सबसे निचले स्तर पर एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 135 येन पर पहुंच गया है, और उसमें और गिरावट की प्रवृत्ति है।

सरकार भी रुपये के इस मूल्यह्रास और घरेलू मुद्रास्फीति पर इसके प्रभाव पर अंकुश लगा रही है। सोने पर आयात शुल्क में इस महीने की शुरुआत से पांच फीसदी की वृद्धि कर सरकार ने सोना आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश तो की ही है, इसने डीजल, विमानन ईंधन और गैसोलीन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर निर्यात कर भी लगाया है। ये सभी उपाय बढ़ते व्यापार घाटे, भुगतान असंतुलन और चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने के लिए किए गए हैं।


अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष–2023 के लिए चालू खाता घाटा भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 फीसदी से तीन फीसदी तक बढ़ सकता है, जो रुपये पर और दबाव डालेगा। मुख्य बातें और भावनाएं उभरते बाजार की मुद्राओं के खिलाफ हैं। इस परिदृश्य में, केंद्रीय बैंकों को एक विकल्प खोजना होगा, कि क्या उन्हें मुद्राओं की रक्षा के लिए दरों में तेज वृद्धि करनी चाहिए और अर्थव्यवस्था में विकास को जोखिम में डालना चाहिए, या अपने विदेशी मुद्रा भंडार को खर्च करना चाहिए, जिसे विदेशी मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में वर्षों लग गए, या बाजारों को अपनी मुद्राओं के लिए स्तर खोजने दें।

एक बहुत ही अस्थिर और अप्रत्याशित वातावरण में रुपये के मूल्यह्रास को सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक अपने सभी साधनों का उपयोग करते हुए एक संतुलन बना रहा है। अगले कुछ महीनों में हम रुपये को एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81 के स्तर पर देखेंगे। रुपये का मूल्यह्रास तब तक जारी रहेगा, जब तक वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ती रहेगी और वैश्विक केंद्रीय बैंक दरें नहीं बढ़एंगे। एक बार जब हम मुद्रास्फीति में गिरावट देखेंगे, तो ब्याज दर वृद्धि चक्र भी बदल जाएगा और फिर हम उभरते बाजारों में ब्याज फिर से बढ़ते हुए देखेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## किसी भी दशा में कोई माफिया पनपना नहीं चाहिए : सीएम योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार की रात गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों की FIR दर्ज करने के लिए उन्हें दौड़ाया न जाए.आसानी से लोगों की FIR दर्ज करें। NCR की जगह FIR दर्ज करने पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई माफिया पनपना नहीं चाहिए। माफिया के हौसले पस्त कर दें। सीएम बोले– FIR दर्ज करने में कंजूसी न होरू मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कीमत पर FIR दर्ज करने में कंजूसी न हो। SSP गौरव ग्रोवर ने सीएम को बताया कि 2021 में अपेक्षा कम FIR दर्ज है। जबकि NCR की संख्या अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि FIR की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं। लेकिन लोगों को न्याय मिलना चाहिए। थाना और तहसील स्तर पर समस्याओं का निस्तारण हो: ADG जोन अखिल कुमार ने मंदिर सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उनके जनता दर्शन में आने वाली भीड़ को लेकर सभी अधिकारियों से सवाल किया। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ क्यों आ रही है? इन लोगों की समस्याओं का निस्तारण थाना और तहसील स्तर पर हो जाना चाहिए। जनसुनवाई को लेकर हुई देर तक चचारू उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि तहसील स्तर पर समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। SDM और CO को संयुक्त रूप से भ्रमण करने को कहा जाएगा।



ADG जोन ने कुछ दिनों पहले एनेक्सी भवन में की गई जनसुनवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इसका काफी प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास करते रहने चाहिए। बैठक में काफी देर तक जनसुनवाई को लेकर ही चर्चा होती रही। सीएम ने देखी क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की फोटो: मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर काफी गंभीर थे। GDA उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल में संचालन के लिए क्रूज का आर्डर हो चुका है। उन्होंने क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की फोटो भी मुख्यमंत्री को दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था हो कि लोग परिवार के साथ क्रूज का मजा ले सकें। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने जलभराव पर नियंत्रण के लिए किए गए उपायों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। जलभराव से निपटने की भी ली जानकारी: DM कृष्णा करुणेश ने बताया कि पैडलेगंज से फिराक चौराहा तक की सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इस सड़क के चौड़ीकरण का निर्देश पिछले दौरे पर मुख्यमंत्री ने दिया था। मुख्यमंत्री ने जलभराव से निपटने के लिए चल रही परियोजनाओं के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गोमतीनगर विस्तार की समस्याओं का कराया जाएगा समाधान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – षोमतीनगर विस्तार की समस्याओं का समाधान कराया जाएगाष यह बात कावेरी अपार्टमेंट, गोमतीनगर विस्तार में आयोजित जन संवाद में एल डी ए के उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने कही। गोमतीनगर विस्तार की जन समस्याओं को अधिकारियों के संज्ञान में लाने के लिए एक जन संवाद आयोजित किया गया था जिसमें एल डी ए, नगर निगम तथा पुलिस के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ जनकल्याण महासमिति के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें गोमतीनगर विस्तार के सभी अपार्टमेंट्स के आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारी, एकल आवासीय समितियों के पदाधिकारी तथा प्राइवेट बिल्डरों द्वारा विकसित अपार्टमेंट्स के पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लखनऊ जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष उमा शंकर दुबे ने गोमती नगर विस्तार की निम्नलिखित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं जिसे एलडीए, नगर निगम और पुलिस तीनों विभागों के सहयोग से ही दूर किया जा सकता है। 1– गोमती नगर विस्तार ग्रीनवुड ए,बी,के ब्लॉक से सीएमएस स्कूल तक पुल के नीचे और आस–पास में अवैध तबेले बने हैं, जिसे हटवाते हुवे पुल के नीचे प्लांटेशन किया जाए जिससे समस्या का पूरी तरह से समाधान हो सके। 2– ग्रीनवुड ए, बी, के ब्लॉक से सीएमएस रोड पर आए दिन आपराधिक घटनाएं होती हैं, पुल के नीचे पुलिस चौकी बनवाने की आवश्यकता है। 3– गोमती नगर विस्तार का प्रमुख मार्ग लक्ष्मी मार्केट रेलवे लाइन के किनारे अनाधिकृत तरीके से नॉनवेज की दुकानें खुल गयी है जिससे विस्तार का न सिर्फ रास्ता अवरुद्ध होता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी घातक है। 4– साफ सफाई के साथ साथ कूड़ा डिस्पोजल एक बड़ी समस्या है, जिसे अविलंब दूर कराया जाए। 5– सीवर, नाला, नाली और रोड क्षतिग्रस्त है इसे सही कराकर एलडीए नगर निगम को हैंडओवर करे। 6– विस्तार में बड़ी संख्या में अनाधिकृ



त होर्डिंग लगने लगी है, इसे हटवाया जाए। 7– विस्तार में पानी की टंकियां बनी हैं, इसमें एक–दो छोड़कर सभी क्षतिग्रस्त हैं, उसे सही कराकर जनता को सुविधाएं दिया जाए। 8– कॉर्पस और मेंटिनेंस फंड आरडब्ल्यूए को वापस किया जाए। 9– अपार्टमेंट में फायर फाइटिंग व्यवस्था निर्माण एजेंसियों से सही कराकर आरडब्ल्यूए को हैंड ओवर कराया जाए। 10– वाटर हार्वेस्टिंग सही कराकर आर.डब्ल्यू.ए. को हैंड ओवर कराया जाए। 11– गांवों के चबूतरे बने हैं, उनके पैसे भी जमा हैं, इसलिए उसे एलॉट कराया जाए। 12– आरडब्ल्यूए से बड़े बड़े वायदे किये गए हैं जैसे क्लब, स्विमिंग पूल, पार्क आदि लेकिन पूरे नहीं हुये हैं। विस्तार में कम्युनिटी सुविधाओं की जमीन पर विस्तार के लोगों के लिए पी.पी.पी. मॉडल पर बनवाकर उन्हें सुविधाएं दिया जाए। इसके अतिरिक्त विभिन्न अपार्टमेंट्स की आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों ने भी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया। एल डी ए के उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने बिन्दुवार सभी समस्याओं के सम्बन्ध में बात करके शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सुलभ आवास में अनधिकृत कब्जों का सर्वे पूरा हो चुका है तथा शीघ्र ही उस पर कार्रवाई कराई जायेगी। डॉ त्रिपाठी ने ए सी पी श्वेता श्रीवास्तव को कहा कि एल डी ए पुलिस चौकी खोलने के लिए कक्ष बनाकर देने के लिए तैयार है। जन संवाद में लखनऊ जनकल्याण समिति के अध्यक्ष उमा शंकर दुबे, उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, गोमतीनगर विस्तार जनसमिति के अध्यक्ष के के सिंह, मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, देवेश यादव, प्रधान, अभिलाष भट्ट, सुमित सिंह, बी एन सिंह, अशोक गुप्ता, पूर्णिमा, मनोज कुमार राना, महेंद्र सिंह पटेल तथा विभिन्न अपार्टमेंट्स की आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला कारागार जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विवेक विक्रम, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर 14 जुलाई 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में महिला बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल–चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते हैं। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तुरन्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराना सुनिश्चित करें। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1299 बन्दी है, जिनमें 176 पुरूष तथा 02 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 980 पुरूष तथा 69 महिलाएँ एवं 39 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 14 बच्चे हैं। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ–सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह व धर्मेन्द्र कुमार भदौरिया, चिकित्सा अधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता, जेल विजिटर, अमित कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार पाल, अम्बरीष श्रीवास्तव, मीरा सिंह तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

## सोते समय अधेड़ पति पत्नी की हत्या : डीआईजी व एएसपी ने शीघ्र खुलासे का किया दावा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोंडा : बेलभरिया गांव में अधेड़ दंपत्ति की सोते समय हत्या कर दी गई।दंपति की हत्या में जमीन को लेकर रंजिश की बात सामने आ रही है।घटनास्थल का डीआईजी एएसपी व क्षेत्राधिकारी सदर ने दौरा किया है।इटियाथोक थाना क्षेत्र के बेलभरिया गांव के जाकिर मोहम्मद(72) अपनी पत्नी ननका(70) के साथ घर के सामने डेढ़ सौ मीटर दूर एक छप्पर में सो रहे थे।देर रात अज्ञात लोगों ने दंपत्ति के सिर पर वार करके हत्या कर दी।इसके बाद हत्यारे फरार हो गए।घटना की जानकारी परिजनों को सुबह मिली तो पुलिस को सूचना दी गई।एएसपी शिवराज,क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।इसके अलावा डाग स्कावयड व फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने नमूने एकत्र किये।एएसपी शिवराज ने बताया कि दंपत्ति के सिर पर वार करके हत्या की गई है।अधेड़ के दो बेटे शाहिद रजा व अख्तर परिवार के साथ घर से बाहर रहते हैं।घर पर दो बेटों नासिर और अताउल ही परिवार के साथ रहते हैं।देर रात दंपत्ति खा पीकर के छप्पर में सोने चले आये थे।इसी बीच अज्ञात



लोगों ने हत्या कर दी।दोपहर में डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। दंपति का गांव के एक व्यक्ति से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है।पुलिस जमीन विवाद को लेकर हत्याकांड की घटना को अंजाम दिए जाने के दिशा में जांच कर रही है।करीब 10 बीघे कृषि योग्य भूमि का विवाद सामने आ रहा है।फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही हत्याकांड के कारण सामने आ सकेंगे।पुलिस ने दंपत्ति के परिजनों सहित ग्रामवासियों से भी जानकारी लेकर सभी दिशाओं में अपनी जांच शुरू कर दी है।

## पौधों की आवश्यकता मनुष्य को जन्म से मृत्यु तक होती है –सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जनपद और आसपास के क्षेत्रों में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आश्रमों और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने धर्माचार्यों की शरण में पहुंचकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। हुसेनापुर धौकल के शिव सत्संग मण्डल आश्रम में श्रद्धालुओ ने सिद्धनाथ बाबा मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और शिव सत्संग मंडल आश्रम के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक का सानिध्य प्राप्त कर उनसे सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान आचार्य अशोक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गुरु स्थान भगवा ध्वज को है।जो सनातन संस्कृति का प्रतीक है। उसी तरह शिव सत्संग मण्डल का गुरु कार्य परमपिता परमेश्वर शिव के आधीन है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसी बुराइयों का त्याग कर सत्य की राह को अपनाएं और सद्‌गुणों को ग्रहण करें।तथा बढ़ती आबादी और बढ़ते पर्यावरण संकट से इस धरती को बचाएं। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत ने कहा कि पौधों की आवश्यकता मनुष्य को जन्म से मृत्यु तक होती है। पौधे लगाएं और इन पौधों की सुरक्षा करना भी हमारी ही जिम्मेदारी है।कहा कि पृथ्वी पर प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा रही है। तमाम वनस्पतियों में औषधीय गुण होते हैं। जैसे आंवला तो पूर्णतः औषधि है, जामुन की गुठली तक उपयोगी होती है। अजवाइन उदर विकार के निदान में सहायक है। सभी में



कुछ न कुछ गुण हैं। पौधारोपण करते समय ऐसी वनस्पतियों का रोपण किया जाना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रोली गुप्ता ने बताया कि वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और शुद्ध हवा प्रदान कर वातावरण को स्वच्छ रखते हैं। इस दौरान सत्संगी जनों ने वृक्ष लगाओ धरा बचाओ, वृक्षा रोपण करना है प्रदूषण दूर भगाना है, वृक्षारोपण कार्य महान आदि नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए जागरुक किया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता ने कहा कि पौध रोपण कर हम वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं और पर्यावरण को बचाने में भी सहयोग कर सकते हैं। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वामी शांतानंद को अंग वस्त्र देकर रोली नवनीत गुप्ता ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अमित कुमार,योग प्रशिक्षक सत्यम,आचार्य जुगुल किशोर शर्मा,विद्या प्रकाश त्रिपाठी, अस्मित बाथम एवं केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना सहित अनेक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।सभी ने श्रवण माह में शिवोपासना करने और पर्यावरण संकट हल करने के लिए पौधारोपण करने का शिव संकल्प लिया।

## टैबलेट की सहायता से विद्यार्थियों का तकनीकी सशक्तिकरण हुआ है –आशीष सिंह आशू

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डिजीशक्ति योजना के अंतर्गत आज विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम डकौली स्थित श्री मेहरबान सिंह महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम समपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक बिलग्राम–मल्लावां आशीष सिंह आशू ने छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किये। उन्होंने कहा कि टैबलेट की सहायता से विद्यार्थियों का तकनीकी सशक्तिकरण हुआ है। इसके माध्यम से बेहतर अध्ययन सामग्री तक उनकी पहुँच बढ़ी है। महाविद्यालय के प्रबंधक ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि टैबलेट वितरण योजना सरकार की एक अच्छी योजना है जिसको लेकर छात्र–छात्राओं



में उत्साह है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक गण व बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान संडीला– मिला जिगर का टुकडा : चेहरों पर लौटी मुस्कान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संडीला पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक तीन वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया। बालक मिलने से उसके परिजनों में खुशी की लहर देखी गई। बेटे को पाकर मां चहक उठी और कोतवाल दिलेश कुमार को लंबी उम्र की दुआएं देने लगी। साथ आये परिजनों ने भी संडीला पुलिस की कार्यशैली को सराहना की। शबनम अपने पति मोहम्मद इस्माइल के साथ अपने मायके उन्नाव रोड महीन मार्केट के पीछे पिता मोहम्मद यूसुफ के यहां बुधवार को आई थी। शबनम का बेटा मोहम्मद इरफान उम्र 3 वर्ष बृहस्पतिवार को घर पर खेल रहा था। मोहम्मद सिफान खेलते खेलते अचानक कहीं गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजा परंतु लापता सिफान का कुछ पता नहीं चल सका। माता पिता व रिश्तेदार किसी अनहोनी घटना को लेकर परेशान होने लगे। मां शबनम बेटे को याद कर बिलख बिलख कर रोने लगी। उधर सिफान खेल खेल में लखनऊ हरदोई मुख्य मार्ग कस्बा चौकी संडीला के पास पहुंच गया। कस्बा चौकी पर तैनात




महिला कांस्टेबल रुक्मणी ने बच्चे को रोते हुए देखा तो कोतवाली में कोतवाल डीके सिंह के पास बालक फिफान को लेकर गई। पुलिस को सिफान मां– बाप का नाम नहीं बता पा रहा था। कोतवाल डीके सिंह ने रोते हुए बच्चों को दुलार करते हुए उसको चुप कराया और टॉफी बिस्कुट दिलाएं। कोतवाल डीके सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत अबोध बालक को माता पिता के सुपुर्द किया।। खोए बालक सिफान को पाकर परिजन बहुत खुश हुए।

# 18 वर्ष से ऊपर के सभी लाभार्थी समय से लगवा लें प्रीकाशनरी डोज – सीएमओ

कोविड टीके की दूसरी डोज लगने के छह माह बाद ही केंद्र सरकार ने प्रीकाशनरी डोज (एहतियाती टीका) लगाए जाने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देशानुसार जनपद के स्वास्थ्य विभाग ने प्रीकाशनरी डोज लगाना शुरू कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने 18 वर्ष से ऊपर के सभी जनपदवासियों से अपील की है कि जिन्हें दूसरी डोज लगे छह माह बीत चुके हैं, वह समय रहते प्रीकाशनरी डोज अवश्य लगवा लें। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लाभार्थियों को सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रीकाशनरी डोज मुफ्त में लगाई जा रही है। डॉ0 नरेंद्र ने बताया कि कोरोना अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, इसलिए टीकाकरण और प्रोटोकाल पालन से ही कोरोना से खुद के साथ घर–परिवार और समुदाय को सुरक्षित बनाया जा सकता है। जनपद की जनसंख्या 54 लाख से अधिक है और जनपद में कोविड टीकाकरण कार्यक्रम शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है जिसमें अभी तक 80.68 लाख डोज लगाई जा चुकी है। इसमें सभी आयुवर्ग में शत–प्रतिशत पहली डोज का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है। 18 वर्ष से ऊपर के लोगों में दूसरी डोज शत–प्रतिशत लगाई जा चुकी है। 15 वर्ष से ऊपर के लोगों में भी 95 प्रतिशत दूसरी डोज लग चुकी है। 12 वर्ष से ऊपर के लोगों में दूसरी डोज 82 प्रतिशत लगाई जा चुकी है। जनपद में टीकाकरण की स्थिति – अभी तक जनपद में 80,68,868 से ज्यादा टीके की डोज लगाई जा चुकी है, जिसमें से 40,95,957 से ज्यादा को पहली डोज, 39,08,532 से ज्यादा को दूसरी डोज तथा 64,379 से ज्यादा को प्रीकाशनरी डोज लगाई जा चुकी है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 9,14,214 से अधिक डोज लग चुकी है जिसमें से 4,42,459 से ज्यादा को पहली डोज, 4,39,762 से ज्यादा को दूसरी डोज तथा 31,993 से ज्यादा को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को 13,98,261 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 6,92,531 से ज्यादा को पहली डोज तथा 7,05,731 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों को 47,08,517 से ज्यादा डोज लग चुकी है जिसमें से 24,21,647 से ज्यादा को पहली डोज तथा 22,86,870 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 15 से 18 वर्ष की उम्र के लोगों को 6,08,936 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 3,16,967 से ज्यादा को पहली डोज तथा 2,91,969 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 12 से 15 वर्ष की उम्र के लोगों को 3,48,963 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 1,93,977 से ज्यादा को पहली डोज तथा 1,54,986 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है।

# थाना मीरगंज पुलिस ने 01 किग्रा 300 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व मे चौकी प्रभारी जंघई उ0नि0 महेश्वरी दीन राजपूत मय हमराही का0 संतोष सिंह द्वारा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के आदेश के अनुपालन में बभनियाँव तिराहे पर चेकिंग संदिग्ध वाहनध संदिग्ध व्यक्ति करते हुए 1 किग्रा 300 ग्राम नाजायज गांजा से साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जी रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. मुलायम सिंह यादव पुत्र उदयराज यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी शेख जैनपुर, रामपुर चौथार थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास–



1.मु0अ0सं0 77 / 2022 धारा 8/20 NDPS ACT थाना मीरगंज जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 144 / 2021 धारा 419/420/467/468/471/489B/489C भादवि थाना नेवढीया,जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1.01 किग्रा 300 ग्राम नाजायज गांजा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः– 1.थानाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार गुप्ता थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 2.चौकी प्रभारी जंघई उ0नि0श्री महेश्वरी दीन राजपूत थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। 3.का0 संतोष सिंह चौकी जंघई थाना मीरगंज जनपद जौनपुर।

# कम लागत व कम भूमि में करें मत्स्य पालन – मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य

जौनपुर सू.वि. : मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य, जौनपुर बलबीर सिंह ने बताया है कि जनपद के मत्स्य पालन/व्यवसाय हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में बैकयार्ड आर0ए0एस0, लघु आर0ए0एस0 तथा कियोस्क निर्माण/सजावटी मछली कियोस्क निर्माण जैसी 25 परियोजनाओं में आनलॉइन आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल 01 जुलाई से जन सामान्य के लिए खोल दिया गया है। लाभ प्राप्त करने के लिए परियोजना सम्बन्धित विस्तृत जानकारी पात्रता एवं गाइड लाइन विभागीय पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट पर प्रर्दशित है, इसके अलावा जनपदीय कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, द्वितीय तल, विकास भवन जौनपुर से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। महिला/अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 60 प्रतिशत तथा अन्य जाति के लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय होगा। परियोजना लागत की शेष धनराशि लाभार्थी को स्वयं के संसाधन या बैंक से ऋण लेकर करना होगा। योजना में चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। आवेदन विभागीय वेबसाइट www.fymis.upsdc-gov.in पर 30 जुलाई 2022 तक किया जा सकता है।

# शहरी आवास की दूसरी किस्त प्राप्त करने वाले लाभार्थी जल्द बनवाये अपना आवास – 'डीएम'

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के जिन लाभार्थियों को द्वितीय किस्त की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, वे तत्काल अपने आवास के लिन्टर एवं छत स्तर तक का कार्य पूर्ण करायें ताकि उनके आवास का अन्तिम जियोटैग कराते हुए उन्हें तीसरी किस्त की धनराशि दी जा सके। पी0ओ0 डूडा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों को दलालों से दूर रहने की अपील की है। उन्होनें बताया कि पूर्व में डूडा विभाग में कार्यरत एम0आई0एस0 के बर्खास्तगी के कारण आवास का पैसा अवमुक्त करने का कार्य अवरूद्ध हो गया था। अब नये एम0आई0एस0 की व्यवस्था हो गई है, शीघ्र ही पात्र लाभार्थियों के आवास का पैसा उनके बैंक खाते में पहुॅचने का कार्य शुरू हो जायेगा। इसके लिए किसी दलाल अथवा बिचौलिया के पीछे भागने की कोई आवश्यकता नही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जियोटैग के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों को आवास की किस्ते अवमुक्त करने हेतु मेरे निर्देश पर परियोजना अधिकारी डूडा जौनपुर अनिल कुमार वर्मा द्वारा लाभार्थियों का डेटा तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा प्राप्त करने के उपरान्त लाभार्थी अपना अंशदान शामिल करते हुए तुरन्त अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कराकर उसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना



सुनिश्चित करें। यह ध्यान रहे कि प्राप्त धनराशि का दुरूपयोग बिल्कुल नही होना चाहिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लाभार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि उन्हें पैसे के लिए किसी के पीछे भागने अथवा किसी को आवास के नाम पर एक पैसे देने की आवश्यकता नही है, क्योंकि यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। इसके बावजूद यदि लाभार्थी किसी को पैसा देता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आवास के नाम पर दलाली करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होनें सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों से भी आग्रह किया कि वे अपनी–अपनी नगर निकायों में सक्रिय दलालों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और अपने स्तर से लाभार्थियों को सचेत भी करते रहे।

# लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत के लिए अभी से मिशन मोड में भाजपा : किया विधानसभा वार बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विपक्षी दल जहां अभी विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा में ही लगे हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए रोडमैप पर काम भी शुरू कर दिया है। पार्टी ने हर लोकसभा क्षेत्र में 225 से 250 तक कमजोर बूथ चिन्हित भी कर लिए। इसी क्रम में आज भाजपा के नव निर्मित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के



अध्यक्षता में जौनपुर विधानसभा की बैठक सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी बृजेन्द्र राय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हर लोकसभा क्षेत्र में कमजोर बूथ चिन्हित कर हर सीट पर 100 कमजोर बूथों की जिम्मेदारी पार्टी के लोकसभा सदस्य या राज्यसभा सदस्य को सौंपी गई है जबकि उस क्षेत्र के विधायक व जहां विधायक नहीं हैं, वहां विधान परिषद सदस्य को 25 बूथ दिए गये है। वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर बूथों को मजबूत करने के लिए संगठनात्मक गतिविधियां की जाएंगी। पार्टी की रणनीति है कि लोकसभा चुनाव के पहले इस प्रक्रिया को कई बार अपनाया जाए, ताकि 75 सीटों के लक्ष्य को पाया जा सके। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक, सुबाष कुशवाहा, सुरेंद्र सिंघानिया, रविंद्र सिंह राजू दादा, रोहन सिंह, अमूल्य श्रीवास्तव, नवीन मोदनवाल, दीपक पांडेय, बृजमोहन शुक्ला, रविकांत सिंह, श्रीमती मिलन श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मिश्रा, राजेश गुप्ता, मनीष सोनकर, कमलेश मिश्रा, मनीष गुप्ता, उपेंद्र मिश्रा, प्रफुल्ल मौर्या उपस्थित रहे।

# एमओयू के माध्यम से पीयू को मिलेगी उच्च तकनीकी – कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्टडीज नई दिल्ली के बीच बृहस्पतिवार को कुलपति सभागार में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि एम ओयू के माध्यम से बच्चों और फैकल्टी के साथ इंटरेक्शन होगा। इसमें



महाविद्यालय के फैकल्टी और विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा। विश्वविद्यालय एमओयू के माध्यम से उच्च तकनीकी उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास कर रहा है।इस संस्था का उद्देश्य इनक्यूबेशन सेंटर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, विद्यार्थियों के स्टार्टअप को गति देने में सहायता करना उद्यमिता के संबंध में सरकार की योजनाएं और उसके प्रोजेक्ट को कैसे बनाया जाए पर विस्तार से प्रशिक्षण देगी। इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट स्टडीज के डायरेक्टर कमल भोला ने कहा कि पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था में यह संस्था अतुलनीय योगदान देगी। हमारे पास 1500 बिजनेस मॉड्यूल है जो प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों के लिए हमेशा उपलब्ध है। हम प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को हर टेक्निकल सपोर्ट देने की कोशिश करेंगे। वीबीएसपीयू इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर ने एम ओयू की पूरी रूपरेखा बताई। इस अवसर पर स्वागत प्रो. राजेश शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संदीप सिंह ने किया। असिस्टेंट मैनेजर बिजनेस डेवलपमेंट भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो.मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. रामनारायण, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. सौरभ पाल, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. प्रमोद कुमार यादवा, डॉ. रसिकेश, डॉ. आशुतोष सिंह, डा. संजीव गंगवार, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ विनय वर्मा, सहायक कुलसचिव बबीता सिंह अमृत लाल पटेल, डॉ. नीतेश जायसवाल, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अमित वत्स, डॉ. पीके कौशिक आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब क्षितिज द्वारा किया गया निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज द्वारा आज शहर के शाही किले के पास लोगो में मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर लगाया गया। जहा पर लगभग 150 लोगों का मधुमेह परीक्षण किया गया और मधुमेह से बचने के उपाय बताये गए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष लायन विष्णु सहाय ने आज के खानपान




को इसका प्रमुख कारण बताया व लोगों को अपनी जीवन शैली सुधारने व प्रतिदिन व्यायाम पर बल दिया। लायन डॉ प्रशांत ने लोगों के मधुमेह परिक्षण में अपना सहयोग प्रदान किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने नियमित रूप से सुबह टहलने को स्वस्थ के लिए लाभदायक बताया। इस अवसर पर लायन सर्वेश जायसवाल, लायन अजीत सोनकर, लायन प्रदीप सिंह, लायन नीरज सिंह, लायन जय किशन साहू, लायन सुनील जायसवाल, लायन देवेश जी ,लायन विनय वरौतिया, लायन दिलीप जायसवाल, लायन राजीव गुप्ता, लायन संजय बैंकर, लायन संजय जयसवाल, लायन कौशल त्रिपाठी, लायन सुनील कनौजिया, लायन विशाल, लायन डॉक्टर चंदन आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम चेयरमैन लायन डॉक्टर प्रशांत ने आये हुए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव के चंदौली स्थानांतरण पर विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के शिक्षकों द्वारा किया गया विदाई समारोह का आयोजन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कल दिनांक 13 जुलाई को विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव का चंदौली स्थानांतरण के उपरांत विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के शिक्षकों द्वारा का विदाई समारोह किया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में मड़ियाहूं को अग्रणी रखा। जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ रवि चंद्र यादव राय साहब यादव आनन्द यादव अनिल दीप चौधरी हेमन्त सिंह यूटा श्यामिनी सिंह अमिता मौर्या अंजू लता शांति वर्मा मालती देवी अंजू यादवअध्यक्ष अरुण सिंह अच्छेलाल यादव राकेश कुमार यादव व्यायाम शिक्षक सन्तोष कुमार सिंह शिव कुमार सरोज यादवेंद्र यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राम प्रसाद यादव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया। इस अवसर पर नंद लाल यादव दीपक सिंह राज कमल यादव राम सजन यादव पवन दीप चौधरी कमलेश यादव निहाल सिंह विजय भास्कर यादव राघवेंद्र प्रताप सिंह विनोद कुमार सिंह राकेश यादव विनोद कुमार यादव प्रभाकर यादव वेद प्रकाश रमेश चंद






यादव रामाश्रय कनौजिया हंसराज यादव विनीत कुमार सिंह कैलाश नाथ यादव विजय सिंह पटेल सौरभ शशी बिंद बद्री प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीएम स्वनिधि योजनान्तर्ग ऋण प्राप्त करने वाले सभी वेन्डर्स करे डिजिटल ट्रांजेक्शन – डीएम

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि लॉकडाउन से प्रभावित सभी शहरी पथ विक्रेताओं को अपना रोजगार पुनः स्थापित करने अथवा किये जा रहे रोजगार को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने हेतु भारत सरकार की पीएम स्वनिधि योजना जनपद जौनपुर में संचालित है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले पंजीकृत स्ट्रीट वेन्डरों को दस हजार रूपये का कैपिटल ऋण बैंकों से दिलाये जाने का प्राविधान है तथा ससमय उपरोक्त प्रथम ऋण की अदायगी करने वाले स्ट्रीट वेन्डरों को द्वितीय ट्रेंच में बीस हजार रूपये का ऋण दिया जाता है। इस योजना के संचालन में परियोजना अधिकारी डूडा, सभी ई0ओ0 एवं बैंकर्स शामिल है। उन्होंने जिन स्ट्रीट वेन्डरों को प्रथम अथवा द्वितीय ऋण प्राप्त हो चुका है, उनसे अपील किया है कि वे अपने–अपने बैंकों में जाकर तुरन्त अपना क्यूआर कोड बैंक से प्राप्त करें और वे प्रतिदिन अपने ग्राहकों से डिजिटल रूप से पैसों का लेन–देन करें। परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत दस हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर समय से ऋण की अदायगी करने वाले स्ट्रीट वेन्डर चाहें तो अपनी बैंक शाखा एवं ई0ओ0 से सम्पर्क कर पुनः बीस हजार रूपये का ऋण प्राप्त कर अपना आर्थिक उत्थान कर सकते हैं।

## बच्चों को बेहतर तालीम दे कर बढ़ाएं अपने समाज का नाम – मौलाना हसन अकबर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पत्रकार तामीर हसन शीबू के बड़े भाई आदिल ताज ताजवर की मजलिस शहर के पोस्तीखाना ख्वाजादोस्त स्थित इमाम बाड़ा मीर सखावत हुसैन में बीतीरात हुई। जिसमें समाज के सभी प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही है। मजलिस में सोजखानी गौहर अली जैदी और उनके साथियों ने किया, वही पेशखानी को अंजाम दिया अख्तर अब्बास और कैफी रन्नावी ने। बाद खत्म पेशखानी पूर्वांचल के मशहूर मौलाना हसन अकबर रन्नावी सचिव आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि आज के समय में सबसे पहले अपने बच्चों को बेहतर तालीम देने की जरूरत है। अपने समाज के बेटे, बेटियां जब उच्च तकनीकी की टेक्निकल शिक्षा हासिल करेंगे, तो इससे अपने समाज, देश और प्रदेश का नाम रोशन होगा। मौलाना ने कहा कि तालीम एक ऐसी चीज है, जिसे ना कोई कभी चुरा सकता है, और ना ही उसका कोई भी हुकूमत बंटवारा कर सकती है। लिहाजा अपने खुद के सभी दुख दर्द को भूलकर समाज के गरीब, जरूरतमंद , असहाय बच्चों को हाईटेक शिक्षा देने के लिए लोगों को आगे आना चाहिये। आज के बदलते हालात में मोबाइल के बढ़ते चलन पर बेहद ही अफसोस जाहिर करते हुए मौलाना हसन अकबर ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि अभिभावक अपने परिवार के छोटे–छोटे बच्चों, बेटियों के हाथों में मोबाइल दे देते हैं । जिसका गलत उपयोग करने से स्वास्थ्य और समाज में प्रभाव पड़ता है। मौलाना ने कहा कि मोबाइल का इस्तेमाल तालीम हासिल




करने, देश दुनिया से जुड़ी तमाम जानकारियां और जनरल नॉलेज बढ़ाने के लिए किया जाय तो वह बेहतर होगा। मौलाना ने कौम के लोगो से अपील की है कि आने वाली 18 तारीख को ज्यादा से ज्यादा तादाद में ईद ए गदीर बनाए और नए लिबास जरूर पहने बाद मजलिस मौलाना ने हजरत अब्बास के मसायब जैसे ही पढ़ना शुरू किया तो वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू आ गया और पूरा माहौल गमगीन हो गया। मजलिस खत्म होने के बाद अंजुमन जाफरिया रजी. ताड़तला ने नौहा मातम किया तथा उपस्थित लोगों के बीच तबर्रुक वितरित किया गया। मजलिस के अंत में पत्रकार तामीर हसन शीबू ने आए हुए लोगों के प्रति आभार जताया।

# प्रशिक्षण आयोजित कर किया गया प्रशिक्षित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में गुरुवार को जनपद के समस्त तहसीलों में पीएम किसान के लाभार्थियों का भूलेख विवरण अंकित करते हुए फार्मर डाटाबेस तैयार करने, लाभार्थियों के त्रुटिरहित भूलेख पोर्टल पर दर्ज करने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाहगंज तहसील सभागार में जिला कृषि अधिकारी, मछलीशहर में भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम, मड़ियाहूं में भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय, केराकत तहसील में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, बदलापुर तहसील में सहायक लेखा अधिकारी कृषि विभाग तथा सदर तहसील सभागार में अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय राजस्व कर्मियों एवं कृषि विभाग के कर्मियों को समयबद्ध तरीके से 30 जून 2022 तक कृषको के भूलेख पोर्टल पर दर्ज करने के स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) से प्रशिक्षित किया गया। जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा बताया गया कि प्रत्येक तहसील से एक लिंक अधिकारी नामित किया जाएगा जो प्रतिदिन की प्रगति से कृषि विभाग को उपलब्ध कराएंगे, कृषि विभाग संकलित सूचना जिलाधिकारी एवं निदेशालय को प्रेषित करेगें। उन्होंने बताया कि तहसीलों को लाभार्थियों की सूची की हार्ड कॉपी 14 जुलाई तक उपलब्ध कराना है, भूलेख के अनुसार हार्ड कॉपी पर लेखपाल द्वारा सूचना का अंकन 14 से 22 जुलाई तक, लेखपाल द्वारा उपलब्ध कराए गए सूचना को एक्सेल शीट में अंकन 16 से 23 जुलाई तक, त्रुटिपूर्ण मैपिंग की कार्यवाही 23 से 25 जुलाई तक, एक्सेल शीट में अंकित सूचना और लेखपाल के हार्ड कॉपी का मिलान 24 से 28 जुलाई तक तथा पीएम किसान पोर्टल पर एक्सेल शीट को अपलोड करने की कार्यवाही 25 से 30 जुलाई तक पूर्ण करने की शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्धारित समयावधि में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इसे संपादित कराते हुए पीएम किसान पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। इस मौके पर संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानक के अभाव में जिले के चिरंजीव व झनझुनवाला नर्सिंग संस्थान सहित प्रदेश के 20 नर्सिंग कालेजों पर सीएम योगी ने की सख्त कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लखनऊ सूत्र के मुताबिक मानक से कम शिक्षक और कम संसाधान होने के कारण प्रदेश सरकार ने आखिरकार 20 नर्सिंग कालेजों में दाखिले पर रोक लगा दी गई है।जिसके चलते अब यह नर्सिंग कालेज शैक्षिक सत्र 2022–23 में प्रवेश नहीं ले पाएंगे। सूत्र के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नर्सिंग कालेजों में मानकों की जांच की गई और रिपोर्ट सामने आने के बाद मानक विहीन पाए गए 20 नर्सिंग कालेजों पर कार्यवाही की गई है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के देव एजुकेशन कालेज आगरा, चिरंजीव नर्सिंग संस्थान अयोध्या, झुनझुनवाला इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस अयोध्या, अखिल भारतीय बाल देखभाल एवं शैक्षिक विकास समिति आजमगढ़, श्री बाबा सादवरम पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज आजमगढ़, क्लारा स्वैन अस्पताल बरेली, एनआइएमटी अस्पताल गौतमबुद्ध नगर, मां गायत्री इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज गोंडा, उपकर स्कूल आफ नर्सिंग हापुड़, भारतीय नर्सिंग कालेज अमरोहा, गंगोत्री स्कूल आफ नर्सिंग कालेज अमरोहा, संजीवनी नर्सिंग कालेज अमरोहा , राय केबी सिंह नर्सिंग




एंड पैरामेडिकल कालेज जौनपुर, करियर कालेज आफ नर्सिंग लखनऊ, मेयो मेडिकल सेंटर लखनऊ, लाइफ लाइन स्कूल आफ नर्सिंग मथुरा, एसएम नर्सिंग कालेज मथुरा, एनआरसी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट मथुरा, रूमा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस प्रतापगढ़ और वाराणसी का डा. विजय कालेज आफ नर्सिंग एंड मेडिकल शामिल है।

## चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त चढ़े नगर कोतवाली पुलिस के हत्थे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रशांत वर्मा द्वारा इस समय जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं विजयपाल सिंह पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली नगर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब शमशेर बहादुर सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर द्वारा गठित टीम उ0नि0 राजेश कुमार यादव चौकी प्रभारी अलीगढ़, उ0नि0 सत्यप्रकाश यादव प्रभारी चौकी नवीनमण्डी, उ0नि0 अमित सिंह प्रभारी चौकी जेल, उ0नि0 पंकज कुमार चौकी प्रभारी रामनगर, हे0का0 जितेन्द्र बहादुर, हे0कां0 जितेन्द्र बहादुर सरोज थाना को0नगर, जनपद अयोध्या,कां0 ज्ञान प्रकाश यादव थाना , जनपद अयोध्या,कां0 विश्वदीपक तिवारी थाना को0नगर, जनपद अयोध्या, कांस्टेबल आशीष यादव ने बुधवार को कोतवाली नगर के जी0आई0सी0 तिराहे के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफतार कर सराहनीय कार्य किया।इसकी जानकारी देते हुए एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने कोतवाली नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पुष्टि आशीष पासी उर्फ गुड्डू पुत्र रामजग,अर्जुन चौहान पुत्र पप्पू चौहान व मोनू खान पुत्र नासिर के रुप में हुई। पुलिस के मुताबिक वे सभी अभियुक्त चौन के लूटपाट में शामिल बताये गये। पुलिस ने इनके पास से वाहन संख्या UP42AE6794 पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद किया है।उनके कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 530/22 धारा 392/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित लूटी गई सोने की चैन व मु0अ0सं0 468/22 धारा 392/411 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 484/22 धारा 392/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित



लूटी गई चौन के विक्रय से प्राप्त रुपए बरामद हुए है।इसके अतिरिक्त अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शस्त्र एक अदद् देशी तमन्चा 312 बोर व 01 जिन्दा कारतूस व 01 अदद् नाजायज चाकू भी बरामद हुआ है जिसके सम्बन्ध मे क्रमशः मु0अ0सं0 532/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त आशीष पासी उर्फ गुड्डू व मु0अ0सं0 533/22 धारा 4/25 बनाम अभियुक्त अर्जुन चौहान पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गये उपरोक्त अभियुक्तगण जनपद अयोध्या नगर क्षेत्र में विगत दिनों से सुबह मार्निंग वाक पर निकली महिलाओं व शाम को सामान खरीदने जाने वाली महिलाओं को निशाना बनाकर मौका पाकर उनसे गले मे पहनी हुई चैन लूट लेते थे। जिनकी धरपकड़ हेतु उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों का आज सुबह समय करीब 10.15 बजे जी0आई0सी0 तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।जिनके कब्जे से उपरोक्त चैन, नकदी व अवैध शस्त्र बरामद हुआ है। जिसके सम्बन्ध मे नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

## स्वछता के प्रति मलिन बस्तियों की महिलाओं को किया गया जागरूक

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद,कुशभवनपुर शाखा की महिला इकाई ने नगर के करौंदिया मलिन बस्ती (परशुराम बस्ती) में जाकर वहां रहने वाली महिलाओं को स्वछता के प्रति जागरूक किया।किस



तरह महिलाएं खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी स्वथ्य रख सकें इसके लिए उन्हें विभिन्न बातें बतायी गयी।दरअसल यह कार्यक्रम बुधवार को हुआ। कुशभवनपुर शाखा की महिला संयोजिका श्रीमती रचना अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था की अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने मलिन बस्ती में रहने वाली महिलाओं को स्वछता रखने से होने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही स्वछता के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें सैनिटरी नैपकिन बाँटा गया ।संस्था की महिलाओं द्वारा मलिन बस्ती की महिलाओं और उनके बच्चों को खाद्य सामग्री बाँटा गया।इस कार्यक्रम में तोपति मुखर्जी,दीपिकी टण्डन,अंजना कनोडिया,तनु टण्डन और रीना जयसवाल मौजूद रही।

## बीकापुर तहसील क्षेत्र के 95 फीसदी गांवो में सरकारी भू सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सूत्रों की मानें तो इस समय राजस्व महकमे ने किसानों की सेहत बिगाड़ दी है, बीकापुर तहसील क्षेत्र के 95 फीसदी गांवो में सरकारी भू सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा है। इस संबंध में जानबूझकर लेखपाल और राजस्व निरीक्षक अनभिज्ञ बने रहते हैं। इसी के चलते संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस और जनप्रतिनिधियों के जनता दरबार में बड़े पैमाने पर भूमि संबंधित शिकायतें दर्ज हो रही है। पुलिस महकमा भी राजस्व विभाग के कारनामे से जूझ रहा है। जिसके चलते पुलिस विभाग में अधिकांश शिकायतें जमीन से संबंधित दर्ज हो रही है। इसके बावजूद राजस्व कर्मियों की कुंभकर्णी निद्रा नहीं टूट रही है। बीते दिनों पुंहुंपी गांव में लेखपाल और प्रधान की सांठगांठ से अंतर्राष्ट्रीय शायर यमुना प्रसाद उपाध्याय के खाते की भूमि में पंचायत भवन के लिए नीव खुदाई कर कार्य शुरू करा दिया गया। इसकी शिकायत पर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों संज्ञान में लेकर मामले में टीम बना कर पैमाइश कराई तो लेखपाल की कारगुजारी चर्चा में आई। फिर भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। वही इसी कड़ी में बीकापुर क्षेत्र के राजस्व कर्मी प्रायः रिश्वत मांगने को लेकर वीडियो वायरल को लेकर भी चर्चा में रहते हैं हालांकि इन पर कार्यवाही भी नहीं हो पाती है यहां के जिम्मेदार अधिकारी नोटिस रिपोर्ट तक रखकर लंबित फाइलों में मामले को रख देते हैं। रमवाकला में भूमि विवाद को लेकर तनाव है। बंटवारे




का वाद न्यायालय में योजित है और प्रतिवादीगण नवैयत बदलने के लिए मिट्टी पटाई आदि कर कब्जा कर रहे हैं। इसे लेकर दोंनो पक्षों में विवाद पर शांति भंग की धाराओं में चालान भी किया गया।उल्लेखनीय बात तो यह है कि नाली, चकरोड, चकमार्ग, परिक्रमा मार्ग, तालाब, नवीन परती, ग्राम समाज और खलिहान की जमीने भी सुरक्षित नहीं बच पाई है। इन पर भी अवैध कब्जे किए गए है। स्थिति यह हो गई है कि वरासत, हदबरारी, बटवारा, असंक्रमणीय सहित अन्य वादों में स्थलीय रिपोर्ट आदि को लेकर किसान जूझ रहे हैं और अंदर मियाद निस्तारण नहीं हो पा रहा है। मन मुताबिक आवेदकों से व्यवस्था न मिल पाने के कारण उच्चाधिकारियों के आदेश भी रद्दी की टोकरी में पड़े रहते हैं और इन आदेशों से निपटने के लिए येन केन प्रकारेण जुगत तलाशी जाती है।

## बीकापुर वन रेंज में आरा मशीनों के विरुद्ध वन विभाग की लगातार कार्यवाही से संबंधित संचालकों में हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर वन रेंज क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्र के मुताबिक जिले के थाना तारुन क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों को लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी बीकापुर के नेतृत्व में एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद द्वारा बुधवार को स्टाफ के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। इस मौके पर एसटीएफ और वन विभाग की कार्यवाही से अबैध आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया। तारुन थाना क्षेत्र में समर बहादुर सिंह निवासी महाराई मोहम्मदपुर तथा वीरेंद्र विश्वकर्मा निवासी पड़ेलवा गांव स्थित अवैध रूप से बगैर लाइसेंस के संचालित की जा रही आरा मशीनों पर संयुक्त टीम ने छापामारी कर कार्यवाही की गई।वही अवैध आरा मशीन प्लेट आदि उखाड़ कर अपने कब्जे में लिया गया है।अवैध आरा मशीन संचालकों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।वन कर्मियों की टीम में अखंड सिंह, उमाकांत तिवारी, सीबी सोनकर,अशोक यादव शामिल रहे।वही इस संबंध मे एसटीएफ प्रभारी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि अवैध आरा मशीन संचालकों एवं अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में अवैध आरा मशीन किसी भी हालत में संचालित नहीं हो पाएगी।

## कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी की गई स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार सत्र 21–22 की सूची में अंकित 05 ग्राम प्रधान, 05 एडीओ पंचायत, 05 प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी सहित कुल 51




लोगो को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहां की सभी के उत्कृष्ट प्रयासों के द्वारा जनपद का नाम प्रदेश में हुआ है। सभी को सम्मानित करने का उद्देश्य है कि इनके कार्यों को देखकर अन्य लोग भी प्रेरित हो। उन्होंने सभी अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शुरू से ही नाखून काटना, साफ कपड़े पहनना बताया जाए। उन्होंने कहा कि जो संस्कार स्कूलों में सिखाते हैं उसी के आधार पर अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग मिलता है। बच्चों को शुरू से ही संस्कार की बातें बताई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो अध्यापक एवं ग्राम प्रधान अच्छा कार्य करेंगे उन्हें प्रत्येक महीने पुरस्कृत करने का कार्य किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उचित दर की दुकानों का और अपग्रेडेशन करने जा रही सरकार – सीएम योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश के राशन के करीब 80 हजार उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक सशक्तिकरण की डबल सौगात दी। कोटेदारों को सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) या जनसेवा केंद्र के रूप में और सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में जहां प्रदेश सरकार तथा सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू का आदान प्रदान हुआ वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कोटेदारों के लिए राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 20 रुपये लाभांश वृद्धि की घोषणा भी की। कोटेदारों का लाभांश प्रति क्विंटल 70 से बढ़कर 90 रुपया हो गया है। इस लाभांश वृद्धि से सरकार के खजाने पर करीब 200 करोड़ रुपये का वार्षिक व्यय भार पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ने राज्य सरकार जल्द ही प्रदेश भर की सभी उचित दर की दुकानों का और अपग्रेडेशन करने जा रही है। इससे कोटेदार और सशक्त बनेंगे और राशन वितरण के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ आमजन को और तत्परता से प्राप्त होगा। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सीएससी के रूप में उचित दर की दुकानों के विक्रेताओं को सक्षम बनाने तथा लाभांश में 20 रुपये की वृद्धि प्रदेश के 80 हजार कोटेदारों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का अभियान है। प्रदेश में 15 करोड़ लोग कोटेदारों से खाद्यान्न प्राप्त करते हैं, इसके बावजूद कई बार कोटेदारों को हेय दृष्टि से देखा जाता था। इस सोच में परिवर्तन लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से तकनीकी आधारित अभियान प्रारंभ किया गया। कोटे की दुकानों को तकनीक से जोड़ना वर्ष 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश के लिए सपना था। पर, निर्धारित समय सीमा में 80 हजार कोटे की दुकानों पर सरकार ने ई–पास मशीन की सुविधा सुनिश्चित की। इसका परिणाम रहा कि कोरोना संकटकाल में भी 15 करोड़ लोगों को बिना संकट राशन मिलता रहा। कोरोना के दौर में भी यूपी में कोटेदारों के सहयोग से जितनी अच्छी राशन वितरण व्यवस्था हुई, उसकी सर्वत्र सराहना की जाती है। यूपी की खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पूरे देश मे बेहतरीन मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की खाद्यान वितरण व्यवस्था पूरे देश में बेहतरीन है। हर जरूरतमंद को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि तकनीकी को अपनाकर यहां के उन कार्ड्धारको को नेशनल पोर्टिबिलिटी से जोड़ा गया जो काम के चलते महाराष्ट्र, पंजाब गुजरात या अन्य राज्यों में हैं। इसका फायदा यह है कि किसी भी अन्य राज्य में रहने वाला यूपी का नागरिक अपने राशनकार्ड पर वहां खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। इसी तरह अन्य राज्यों के नागरिक भी यूपी में खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। सीएससी बनने से पूरे प्रदेश की जनता को लाभ सीएम योगी ने कहा कि सीएससी से 80 हजार कोटेदारों के जुड़ने से उनकी आय बढ़ेगी, अन्य लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इन सीएससी से मिलने वाली ई स्टैम्प, आय, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान, आधार, पैन कार्ड समेत अनेक सुविधाओं का लाभ पूरे प्रदेश की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की सभी 25 करोड़ जनता के जीवन मे व्यापक सुधार लाने को प्रतिबद्ध है। बैंकिंग सुविधा के लिए बैंकों से होगा एमओयू मुख्यमंत्री ने कहा कि कोटे की दुकानों के सीएससी के रूप में सक्षम होने के साथ ही सरकार इनके जरिए बैंकिंग सुविधा के लोगों तक पहुंचाएगी। बैंकों के साथ एमओयू होगा। सरकार कोटेदारों के जरिए सामान्य नागरिक के जीवन में सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। संकट में साथ खड़ा होने वाला ही सच्चा साथी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोटेदारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संकट में साथ खड़ा होने वाला ही सच्चा साथी होता है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौर में आप सबने देखा होगा कि किस तरह केंद्र व राज्य सरकार हर गरीब के साथ खड़ी रही। महामारी में जितनी मौत बीमारी से होती है, उससे अधिक भुखमरी से। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र व राज्य सरकार ने हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। सीएम योगी ने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में भी प्रदेश में 30 लाख नए राशन कार्ड जारी किए गए। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिये देश में 80 करोड़ तथा प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। सबसे बड़ा खाद्यान्न वितरण अभियान उत्तर प्रदेश सरकार ने चलाया। दिसंबर 2021 से प्रदेश मेंराशनकार्ड्धारकोंको मुफ्त खाद्यान्न के साथ 1 किलो दाल, 1 किलो तेल, 1 किलो नमक भी मुफ्त मिल रहा है। इसके अलावा अंत्योदय कार्डधारकों को 1 किलो चीनी भी मुफ्त दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जो सामान कार्ड्धारकों को उपलब्ध कराया गया वह बेस्ट क्वालिटी का है। कोरोना संकट में जब प्रवासी कामगार वापस उत्तर प्रदेश आए जो सरकार ने पलक पांवड़े बिछा कर उनका स्वागत किया। उनके लिए 6 करोड़ से अधिक लंच पैकेट व पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। उत्तर प्रदेश से होकर जाने वाले अन्य राज्यों के लोगों को भी भोजन पैकेट व पेयजल उपलब्ध कराया गया। उन यूपी वासियों को जो किन्ही कारणों से सक्षम नहीं थे, उन्हें 15 दिन का राशन व 1000 रुपया भत्ता भी प्रदान किया गया। ईमानदारी से कमाई व निराश्रित की सेवा में अनुपम सुख कोटेदारों को प्रोत्साहित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में अन्न को ब्रह्म माना जाता है और अन्नदान को सबसे बड़ा दान। राशन वितरण व्यवस्था में आप प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अन्नदान के हकदार बन जाते हैं। आपके लाभांश में की गई वृद्धि के साथ थोड़ी सी ट्रेनिंग लेकर जवाब सीएससी से जुड़ेंगे तो आपकी आय भी काफी बढ़ेगी। यह आपके श्रम और ईमानदारी की आय होगी। ईमानदारी की कमाई का अनुपम सुख होता है जबकि बेईमानी से अर्जित आय को लेकर व्यक्ति हमेशा सशंकित रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार आप कोटेदारों ने प्रशासन के साथ मिलकर निराश्रितों के घर तक राशन पहुंचाने में योगदान दिया है। सोचिए आपको कितना आशीर्वाद मिलता होगा। निराश्रित की मदद, सेवा का परम धर्म है और यह आपको पुण्य का भागीदार बनाता है। खाद्य आयुक्त व सीएससी के स्टेट के बीच हुआ एमओयू का आदान–प्रदान कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश के खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू एवं सीएससी ई–गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के स्टेट हेड अतुल राय ने एमओयू का आदान– प्रदान किया। इस अवसर पर स्वागत संबोधन प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद श्रीमती वीना कुमारी तथा आभार ज्ञापन खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने किया। इस अवसर पर गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायकगण महेन्द्रपाल सिंह, विपिन सिंह, डॉ विमलेश पासवान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## लिफ्ट देकर रेता गला : लूटा मोबाइल फोन व पर्स

गोरखपुर ब्यूरो : जिले में एक हैरान करने वाला मामला समाने आया है। यहां बेलीपार इलाके के कसिहार के पास मंगलवार रात लिफ्ट देकर बदमाशों ने युवक का गला रेतकर मोबाइल फोन व पर्स लूट लिया। पीड़ित को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके गले, नाक और चेहरे पर चाकू से घाव के निशान मिले हैं। मेडिकल कॉलेज पहुंचे एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने पीड़ित से घटना की जानकारी ली है।जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ इलाके के लच्छीपुर विस्तार नगर कॉलोनी निवासी रमेश यादव बिजली मिस्त्री का काम करते हैं। मंगलवार रात लखनऊ में भर्ती अपने दोस्त को देखकर लौटे थे। नौसड़ में बस से उतरने के बाद वह गगहा के राऊतपार अपने ससुराल जाने के लिए निकले थे। इस दौरान कार सवार कुछ लोगों ने उसी ओर जाने की बात कहते हुए उसे बैठा लिए।अभी कसिहार के पास पहुंचे थे कि बदमाशों ने मोबाइल फोन और पर्स लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर गले, चेहरे और कान पर चाकू से वार कर घायल कर दिए। इसके बाद बदमाशों ने मोबाइल फोन व पर्स लूट लिया और पीड़ित को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। रात में वह बेहोश हो गए थे।बुधवार सुबह होश में आने के बाद घसीटते हुए सड़क के किनारे पहुंचे तो राहगीर की मदद से ससुराल वालों को सूचना दी गई। इसके बाद रमेश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।घरवालों ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद एसपी साउथ खुद पहुंच गए थे। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह का कहना है कि घटना क्या और कहां हुई है, इसकी जानकारी पीड़ित नहीं दे पा रहा है। जांच की जा रही है।

## सावन माह में घर बैठे स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद –पोस्टमास्टर जनरल

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सावन के महीने में शिव आराधना की विशेष महिमा है।हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। सावन माह में डाक विभाग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किये हैं। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने लखनऊ परिमंडल कार्यालय एक बैठक में जाते समय दिया।इस संबंध में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत देश के किसी भी कोने में रह रहे श्रद्धालु स्पीड पोस्ट से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद मँगा सकते हैं। इसके तहत अपने नजदीकी डाकघर से मात्र ₹ 251 रूपये का इलेक्ट्रानिक मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल–221001 के नाम भेजना होगा। ई–मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाएगा। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होगा, जिस पर वाराणसी के घाट पर जारी डाक टिकट की प्रतिकृति भी अंकित होगी। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अलावा इसे मात्र ₹ 201 में वाराणसी सिटी डाकघर के काउंटर से भी प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि प्रसाद में श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं। सूखा होने के कारण यह प्रसाद लम्बे समय तक उपयोग में बना रहता है। वही प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी पूर्वी मंडल राजन ने बताया कि, डाक विभाग ने इस बात के भी प्रबंध किए हैं कि, श्रद्धालुओं को मोबाइल नंबर पर स्पीड पोस्ट का विवरण एस.एम.एस के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए उन्हें ई–मनीऑर्डर में अपना पूरा पता, पिन कोड और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा।

## इस बार बारिश न होने की वजह से कुम्लाह रही धान की नर्सरी : खेतों में उड़ रही है धूल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में खरीफ की बुवाई लगभग एक महीने पिछड़ गई है। सामान्य मानसून स्थितियों में जिले में 15 जून से लेकर 15–20 जुलाई के बीच खरीफ की बुवाई हो जाती है। प्रमुख फसलों में धान, मक्का के अलावा अरहर, तिल, उड़द और मूंग की फसलों की केवल 10 फीसदी ही बुवाई हो सकी है। बहुसंख्य किसान अभी भी बारिश के लिए आसमान की ओर निहार रहे हैं। इस समय हाल यह है कि बारिश के इंतजार में किसानों की आंखें पथरा रही हैं,धान की नर्सरी कुम्हला रही है। खेतों में अभी तक धूल उड़ी रही है तेज धूप की तपिश से जो नमी थी वह भी गायब हो रही है। मौसम का रुख देखकर किसान सिंचाई के दूसरे माध्यमों से सिंचाई कर फसल की रोपाई की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। सूत्र के मुताबिक इस समय जो किसान सक्षम हैं वे सिंचाई करके फसल की बुवाई कर सकते हैं। हालांकि देर से बुवाई



करने से फसलों के उत्पादन पर असर पड़ेगा। मानसून की बेरुखी में सिंचाई के दूसरे विकल्पों से फसल की लागत डेढ़ से दो गुनी हो सकती है। छुट्टा मवेशी के कारण फसलों का होने वाला नुकसान और फिर कोल्ड स्टोरेज में आलू का सड़ जाना, बैंकों की कर्ज वसूली किसानों पर भारी पड़ रही है। महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ रखी है। आषाढ़ माह बीत रहा है, लेकिन वर्षा का नामोनिशान नहीं है। वही तपन इतनी बढ़ गई है कि क्षेत्र के अधिकांश ताल तलैया सूख चुके हैं।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।